https://hindi.news18.com/news/business/latest-america-iran-ceasefire-shows-green-signal-to-share-market-rbi-also-may-cut-repo-rate-livenews-10350256.html

# Business News Highlights: आज बाजार में छाई बहार! सभी सेक्टर्स में हुई खरीदारी, 3000 अंक उछलने में सिर्फ 54 प्वाइंट ही पीछे रहा सेंसेक्स

Written by: यशस्वी यादव | Agency: News18Hindi
Last Updated: April 08, 2026, 16:06 IST

ईरान और अमेरिका एक बार फिर 2 सप्ताह के युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं और इसका असर शेयर बाजार, तेल मार्केट और रुपये पर भी दिखा. बहुत उम्मीद है कि आज शेयर बाजार में तेजी दिखी, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपया भी सुधार... **और पढ़ें**




RBI ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है और 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है.

**नई दिल्ली.** ईरान और अमेरिका एक बार फिर कुछ दिनों के लिए युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं. इस बार तो ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल और गैस की आवाजाही को भी मंजूरी दे दी. इस राहत भरी खबर से पूरी दुनिया को फायदा दिखे. आज तेल, शेयर और रुपया सहित तमाम बाजारों में तेजी के संकेत साफ दिखे.

साथ ही रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के नतीजे भी आज आए. आरबीआई ने अप्रैल की एमपीसी बैठक में रेपो रेट को बदला नहीं है. वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के हालिया बयानों को देखें तो साफ संकेत मिलता है कि आरबीआई एक बार फिर ब्याज दरों में कटौती करके सस्ते कर्ज का तोहफा दे सकता है.

**APRIL 8, 2026** 13:54 IST

## ईएमआई और कर्ज की लागत स्थिर

व्हाइटलैंड कॉरपोरेशन के डायरेक्टर (स्ट्रैटेजी) सुदीप भट्ट ने कहा, "आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है. यह निर्णय दिसंबर 2025 में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद आया है, जिससे पूरे 2025 के दौरान कुल 125 बेसिस पॉइंट की कटौती दर्ज की गई थी. रियल एस्टेट सेक्टर के लिए यह फैसला काफी अहम है. इससे होम लोन दरों में स्थिरता बनी रहती है, जो घर खरीदारों की मांग को बढ़ावा देती है और डेवलपर्स के लिए लिक्विडिटी की स्थिति को बेहतर बनाती है. ईएमआई और कर्ज की लागत स्थिर रहने से खरीदारों का भरोसा मजबूत होगा और निवेश की रुचि बढ़ने की उम्मीद है."